चयन समिति, कार्यालया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

//आवश्यक सूचना//

सूचित किया जाता है कि कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार छ0ग0 में सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक 2047/दो–12–17/2013 बलौदाबाजार, दिनांक 23.07.2026 के स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 हिन्दी हेतु 2 पद, स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 अंग्रेजी हेतु 1 पद एवं सहायक ग्रेड–3 हेतु 15 पद के लिए लिखित परीक्षा दिनांक 29.11.2026 दिन रविवार को नियत की गई है। उक्त परीक्षा के संबंध में प्रवेश पत्र एवं अन्य जानकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार छ0ग0 के शासकीय वेबसाइट balodabazar.dcourts.gov.in पर जारी किया गया है। दिनांक 29.11.2026 को आयोजित लिखित परीक्षा हेतु निर्देशः–

1. प्रवेश पत्र में अभ्यर्भी का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चस्पा होना आवश्यक है।
2. परीक्षा कक्ष में बैठक व्यवस्था प्रवेश पत्र के सबसे ऊपर बायीं ओर अंकित सीरियल नंबर (सरल क्रमांक) के अनुसार की जाएगी।
3. अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर उसका प्रिंट लेकर परीक्षा केंद्र में आएँ। किसी भी स्थिति में प्रवेश पत्र अलग से उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।
4. अभयर्थियों के सुविधा हेतु एक सैंपल एडमिट कार्ड भी इस सूचना के साथ संलग्न किया जा रहा है।
5. एक ही अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन पत्र भरे जाने पर सभी पदों हेतु पृथक–पृथक प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं। ऐसे अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के अनुसार किसी एक परीक्षा केंद्र में उपस्थित हो सकेंगे, क्योंकि उक्त सभी पदों हेतु एक ही लिखित परीक्षा आयोजित है।
6. ऐसा अभ्यर्थी जिस प्रवेश पत्र से संबंधित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होगा, उसी प्रवेश पत्र का सरल क्रमांक एवं अनुक्रमांक उत्तर पुस्तिका में उल्लेखित करेगा।

विशेष टीपः– प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी के लिए अनुदेश का कंड़िका क्रमांक 1 पर परीक्षा कक्ष में प्रवेश का समय 10 बजे के स्थान पर 10:30 पढ़ा जावे।

स्थानः–बलौदाबाजार

दिनांकः–26.11.2026

26/11/2026

अध्यक्ष
चयन समिति,
कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बलौदाबाजार (छ0ग0)

चयन समिति, कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं सहायक ग्रेड-3 के लिखित परीक्षा हेतु

प्रवेश पत्र

(लिखित परीक्षा)

सरल क्रमांक (Serial No.)

2813

रोल नंबर (अनुक्रमांक)

यहाँ अपना फोटो चिपकाएँ (Paste your Photo)

1. अभ्यर्थी का अनुक्रमांक - **AG1904**	2. परीक्षा दिनांक **29 नवंबर2026 (रविवार)**
3. परीक्षा केन्द्र में उपस्थिति का समय – 10.00 बजे	
4. परीक्षा कक्ष में उपस्थिति का समय – 10.30 बजे	
5. परीक्षा का समय – 11.00 बजे से 11.30 बजे तक	
6. परीक्षा केन्द्र का नाम – **स्वामी आत्मानंद उत्कृह विद्यालय पनगांव**	
7. अभ्यर्थी का पूरा नाम –	
8. पिता /पति का नाम –	

परीक्षा केन्द्र का नाम (Exam Center Name)

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर परीक्षा केन्द्र में	वीक्षक के हस्ताक्षर परीक्षा केन्द्र में	अध्यक्ष भर्ती समिति, कार्यी. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार (छ. ग.)

महत्वपूर्ण टीप:- कौशल परीक्षा हेतु पृथक से प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा।

अभ्यर्थी के लिये अनुदेश

1. अभ्यर्थी को 10:30 बजे के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
2. अभ्यर्थी को अपना प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य है तथा परीक्षा समाप्ति पक्षात प्रवेश पत्र को वीक्षक के पास आवश्यक रूप से सौंपना होगा।
3. परीक्षा हॉल एवं वैटिंग रूम में किसी प्रकार का वर्जित कागजात, पुस्तक, पेजर, कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, स्मार्ट वॉच या इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस रखना पूर्णत: वर्जित है। लाथी जाने वाली सामग्री की सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं होगी।
4. अभ्यर्थी को अपने साथ अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस अथवा वोटर आईडी कार्ड) लेकर आना अनिवार्य है।
5. अभ्यर्थी परीक्षा में अपने उपयोग हेतु बाल पेन (नीला/काला) साथ लेकर आयेंगे।
6. परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक समिति के द्वारा दिये गये निर्दशों का पालन किया जाना होगा। पर्यक्षक/भर्ती समिति या कर्मचारियों से अनुचित या आपत्तिजनक व्यवहार चयन के लिये अनईता माना जायेगा।

टीप:- यदि एक ही अभ्यर्थी द्वारा शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं सहायक ग्रेड-3 संवर्ग के पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत किया गया हो, तो एक ही लिखित परीक्षा आयोजित किये जाने के कारण उक्त अभ्यर्थी के द्वारा उक्त लिखित परीक्षा में अर्जित किये गये अंक आवेदित सभी पद हेतु विचार में लिये जायेंगे।

SAMPLE – प्रशिक्षण हेतु (वास्तविक प्रवेश पत्र नहीं)